भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्

ICHR

वार्षिक विवरण

1980-81

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद

वार्षिक रिपोर्ट : १९८०–८१

I

१.०२ भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद की यह वित्तीय वर्ष १९८०-८१ के लिए नवीं वार्षिक रिपोर्ट है। परिषद एक स्वायत्त निकाय है जिसकी स्थापना भारत सरकार ने सन् १९७२ में की थी। इसके २७ सदस्य हैं : एक अध्यक्ष, १८ इतिहासकार और ८ पदेन-सदस्य। ३१ मार्च, १९८१ की स्थिति के अनुसार परिषद का गठन परिशिष्ट I में दिया गया है।

II

बजट

२.०२ आलोच्य वर्ष के दौरान परिषद को कुल ३३.७१ लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ, जिसमें २०.२१ लाख रुपये योजनेत्तर के अन्तर्गत और ८ लाख रुपये योजनागत के अन्तर्गत तथा ५.५० लाख रुपये विशेष परियोजनाओं के लिए थे। वर्ष के लिए योजनेतर और योजनागत कार्यक्रमों के लिए संशोधित बजट प्राक्कलनों के अन्तर्गत परिषद ने क्रमश: २३.५० लाख रुपये और १६.१३ लाख रुपये की मांग रखी थी। क्योंकि सरकार द्वारा स्वीकृत वास्तविक अनुदान मांग की गई राशि से कम था इसलिए खर्च में कुछ कटौती करना अनिवार्य हो गया। इसके अलावा, परिषद वर्ष के अन्त में अनुवाद परियोजना के लिए ३.४५ लाख रुपये की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही थी।

III

प्रोन्नयन कार्यकलाप

३.०२ अनुसंधान को प्रोत्साहन देना परिषद का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है। यह कार्य, अन्यों के अलावा, परिषद की सहायक-अनुदान योजनाओं के जरिए किया जा रहा है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं : (i) अनुसंधान परियोजनाओं की स्वीकृति, (ii) अधिछात्रवृत्तियां प्रदान करना, (iii) अध्ययन / यात्रा /

फुटकर खर्च के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना, (iv) अनुसंधान अध्ययन, स्रोत सामग्री, पत्रिकाएं इत्यादि प्रकाशित करने के लिए आर्थिक सहायता देना, और (v) इतिहासकारों के व्यावसायिक संगठनों को सहायता स्वीकृत करना। पिछले वर्षों की रिपोर्टों में यह बताया जा चुका है कि अनुसंधान प्रोन्नयन के लिए इन योजनाओं को तैयार करने में परिषद ने इतिहास के कार्य क्षेत्र को एक व्यापक आधार पर लिया है ताकि उत्तरोत्तर ऐतिहासिक युगों में सामाजिक और सांस्कृतिक घटनाओं को इसके कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत शामिल किया जा सके।

३.०२ नीचे दिए गए तात्थिक ब्योरों और अन्त में संलग्न परिशिष्टों से यह देखा जा सकता है कि वर्ष के दौरान परिषद के प्रोन्नयन कार्यकलापों में अन्य वर्षों की अपेक्षा कहीं अधिक वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान स्वीकृत अनुसंधान प्रस्तावों की संख्या किसी भी पिछले वर्ष के दौरान स्वीकृत प्रस्तावों की तुलना में अधिक थी। परिषद की स्थापना से लेकर अब तक प्रत्येक वर्ष स्वीकृत किए गए अनुदानों का योजनावार ब्योरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

वर्ष	अनुसंधान परियोजनाएं	अधिछात्र-वृत्तियां	अध्ययन/यात्रा/ फुटकर अनुदान	कालम २,३ और ४ का जोड़
१	२	३	४	५
१९७२–७३	१९	८	१	२८
१९७३–७४	८	११	२	२१
१९७४–७५	७	१४	३	२४
१९७५–७६	१८	१२	१५	४५
१९७६–७७	२१	३७	८२	१४०
१९७७–७८	५	२१	१५९	१८५
१९७८–७९	२२	३१	११५	१६८
१९७९–८०	१८	४४	१३८	२००
१९८०–८१	४९	८६	१८३	३१८
८ वर्ष	१६७	२६४	६९८	११२९

वर्ष के दौरान बड़ी संख्या में स्वीकृत परियोजनाओं, अधिछात्रवृत्तियों और अध्ययन अनुदानों की संख्या देश में इतिहास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की बढ़ती

हुई मात्रा का सूचक है। परिशिष्ट II में दिए गए ब्योरों सेयह देखा जा सकता है कि जिन अध्येताओं की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं उनमे से काफी अध्येता या तो होनहार युवा अध्येता हैं अथवा वे हैं जो अपने व्यावसायिक जीवन के मध्य स्तर पर हैं और उनमें भावी विकास की पर्याप्त क्षमताएं हैं। इसी प्रकार बड़ी संख्या में अधिछात्रवृत्ति प्राप्तकर्त्ता युवा भी हैं। यद्यपि अनेक योग्य वरिष्ठ अध्येताओं को आवश्यक सहायता प्रदान की गई तथापि पिछले वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रतिभाशाली युवा अध्येताओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

३.०३ रहन-सहन की लागत, उत्पादन की लागत में वृद्धि तथा अधिछात्रवृत्ति प्रदान करने वाले कुछ अन्य संगठनों द्वारा दरों में की गई बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए, परिषद ने वर्ष के दौरान अधिछात्रवृत्ति की दरों और प्रकाशन सहायता में वृद्धि करने का निर्णय किया। एक विनिबंध/शोध ग्रंथ के लिए प्रकाशन सहायता की अधिकतम सीमा ५,००० रुपये से बढ़ाकर ८,००० रु० करदी गई है। अधिछात्रवृत्ति और अध्ययन अनुदान की संशोधित दरें इस प्रकार हैं :

(१)	कनिष्ठ अधिछात्रवृत्ति	६००.०० रु० प्र० मास
(२)	उत्तर-डाक्टोरल अधिछात्रवृत्ति	८००.०० रु० प्र० मास
(३)	वरिष्ठ अधिछात्रवृत्ति	१०००.०० रु० से २००० रु० प्रति मास
(४)	अध्ययन अनुदान	५०००.०० रु०

३.०५ वर्ष के दौरान प्रकाशन के लिए सहायता बढ़ाकर ४२ अध्येताओं। संस्थाओं तक कर दी गई। इनकी सूची परिशिष्ट VI में दी गई है। परिषद द्वारा पिछले वर्षों के दौरान मंजूर किए गए अनुदानों से वर्ष के दौरान ३० अध्येता। संस्थाएं अपनी पुस्तकें/पत्रिकाएं प्रकाशित कर सकीं।

४.०४ सेमिनार, संगोष्ठियां, सम्मेलन इत्यादि आयोजित करने के लिए इतिहासकारों के व्यावसायिक संगठनों को ३४ अनुदान स्वीकृत किए गए। इनके ब्योरे परिशिष्ट VII में दिए गए हैं।

IV

स्रोतों का संकलन

३.०१ परिषद का एक कार्य ऐसी स्रोत सामग्री का संकलन और प्रकाशन करना है जिससे ऐतिहासिक अनुसंधान और लेखन सुकर हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति

के लिए परिषद ने एक विस्तृत कार्यक्रम शुरू किया है जिसके अन्तर्गत सभी युगों के भारतीय इतिहास और विभिन्न प्रकार के स्रोतों से संबंधित स्रोतों के अनेक खण्ड प्रकाशित करने की परिकल्पना है ।

४.०२ भारतीय इतिहास के प्राचीन काल से सम्बंधित स्रोत खंडों में शिलालेखों के पाठों के संकलन और विषय-वस्तु का सार देते हुए शिलालेखों के संबंध में टिप्पणियां अथवा सूचियां शामिल हैं। पिछले वर्षों की रिपोर्टों मे यह कहा गया था कि शिलालेखों के पाठों के १६ खण्डों और शिलालेखों की सूचियों के १५ खण्डों का कार्य आरम्भ किया गया है और शिलालेखों के पाठों के ४ खण्ड तथा शिलालेखों की सूचियों के १२ खण्ड प्राप्त हो चुके हैं। वर्ष के दौरान शिलालेखों की सूचियों के दो और खण्ड प्राप्त हुए जो प्राफेसर टी० वी० महालिंगम द्वारा तैयार किए गए थे। ये हैं :

(१) तमिलनाडु और केरल के शिलालेखों की एक स्थलाकृतिक सूची, खण्ड ८ : तिरुचिरापल्ली जिला ।

(२) तमिलनाडु और केरल के शिलालेखों की एक स्थलाकृतिक सूची, खण्ड ९ : तिरुनेलवली जिला ।

शिलालेखों की स्थलाकृतिक सूचियां तैयार करने की परियोजना का कार्यकाल ३१ मार्च १९८१ को समाप्त हो गया और केरल व पाण्डिचेरी के संबंध में इस श्रृंखला का अन्तिम और दसवां-खण्ड पूरा हो गया। जिला चेंगलपुट के संबंध में इस श्रृंखला का पहला खण्ड वर्ष के दौरान छपने के लिए भेजा गया। शिलालेखों के पाठ संकलित करने का कार्य लगभग पूरा होने वाला है।

परिषद का प्रस्ताव प्राचीन भारतीय इतिहास से संबंधित स्रोत कार्यक्रम को व्यापक बनाने तथा निम्नलिखित कार्य शुरू करने का है : (१) ए. डी. १२०० से पहले के युग की संस्कृत व अन्य भारतीय भाषाओं के पाठों के समालोचनात्मक संस्करण/अनुवाद तैयार करना, और (२) भारत में विभिन्न संग्रहालयों के सिक्कों की सूची तैयार करना। इनके संबंध में ब्योरे तैयार किये जा रहे हैं।

४.०३ परिषद के मध्यकालीन स्रोतों के संकलन कार्यक्रम में निम्नलिखित शामिल है : पाठों के सटिप्पण और समालोचनात्मक संस्करण तैयार करना; महत्वपूर्ण रचनाओं का अंग्रेजी अथवा हिन्दी में अनुवाद ; ऐतिहासिक महत्व के प्रलेखों का कलेण्डर और सूची-पत्र तैयार करना, चुने हुए प्रलेखों आदि का संकलन ।

१९७९-८० तक शुरू और पूरे किए गए कार्यों के सम्बन्ध में ब्योरे पिछले वर्षों की वार्षिक रिपोर्टों में दिए जा चुके हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान निम्न-लिखित कार्य शुरू किए गए :

(१) 'राव उदयभान चम्पावत री ख्यात' डॉ० रघुबीर सिंह द्वारा

(२) 'मराठा इतिहास के प्रकाशित स्रोतों का एक सर्वेक्षण और मराठी प्रलेखों का एक सूचीपत्र तैयार करना : १६००–१८१८ : ' डा० वी० टी० गुने द्वारा।

(३) मुगल भारत में संगीत का इतिहास, जिसमें मोहम्मद रजा द्वारा नगमत-अल-असाफी में उसूल, क्लावंत द्वारा रागदर्शन, खुशहल (फारसी में), रागमंजरी और राग माला (संस्कृत में) का सम्पादन, समाकलन और समालोचनात्मक व तुलनात्मक अध्ययन शामिल है। यह नवाब सईफ खान का मन कुतुहल बनाम राग दर्पण, मिर्जा रोशन जमीर द्वारा तर्जुमा-ए-किताब पारिजातका और मिर्जा खान द्वारा तुहफत-उलहिन्द के अतिरिक्त है: श्री शाहब सरमादी द्वारा (यह इस विषय पर विद्वान की पिछली रचना के क्रम में है)।

(४) 'दीवान-ए-आफताब का एक समालोचनात्मक संस्करण': श्री एफ०ए० हाशमी द्वारा।

आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित दो खण्डों का संकलन कार्य पूरा किया गया और पांडुलिपियां प्राप्त हुई:

(१) 'सिराज-अल-हादिया: सटिप्पण पाठ और प्रस्तावना' काजी सज्जाद हुसैन द्वारा।

जलालुद्दीन बुखारी द्वारा लिखित यह पाठ सूफीवाद के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण कृति है। इसमें मध्यकालीन भारतके सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास पर प्रकाश डाला गया है। पाठ में फारसी में लगभग ३०० पृष्ठ हैं।

(२) 'भारत में डच प्रभाव, १६१७-१६२३: भारत में संबंधित डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी प्रलेखों का संकलन, जो अलजेमीन रीजकसर-चीफ दि हेग, हालेण्ड में परिरक्षित थे' : डा० ओम प्रकाश द्वारा (इस संकलन में २५२ प्रलेख शामिल हैं) जिनका सम्पादन, टिप्पण और अनुवाद

किया गया है। पांण्डुलिपि में ३२५ पृष्ठ हैं और वर्ष के अन्त में इसे प्रकाशन के लिए तैयार किया जा रहा था।

४.०४ आधुनिक काल से संबंधित संकलन के अन्तर्गत स्रोत खण्डों में राष्ट्रीय आन्दोलन, कृषक आन्दोलन, ट्रेड यूनियन आन्दोलन, आर्थिक तथा सांख्यिकी आंकड़े, बिहार के जमींनदारी अभिलेख, और स्वतंत्रता के लिए भारतीय संग्राम में विदेश में क्रांतिकारियों की भूमिका का क्रमवार उल्लेख किया गया है। १९७९-८० तक प्राप्त खण्डों के सम्बन्ध में ब्योरा पिछले वर्षों की रिपोर्ट में दिया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान, इस कार्यक्रम में अन्य खण्डों के संकलन का कार्य चल रहा था और निम्नलिखित पांच खण्ड प्राप्त हुए :

(१–२) '१९१४ तक भारत में कृषि आन्दोलन' (२ खण्ड), डा० बी० बी० चौधुरी द्वारा ।

(३–४) 'भारत में जनजातीय अभियान (स्रोतों की एक अनुक्रमणिका सहित)' (२ खण्ड)—डा० बी० बी० चौधरी द्वारा।

(५) 'असहयोग आन्दोलन तक राष्ट्रवादी आन्दोलन के संबंध में स्रोत खण्ड'। प्रौफेसर वी० एन० दत्ता द्वारा (एक खण्ड)

V

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा कार्यान्वित की जा रही कुछ विशेष परियोजनाएं

५.०१ परिषद ने कुछ विशेष परियोजनाएं कार्यान्वित करने का दायित्व संभाला हैं। इनके ब्योरे पिछले वर्षों की रिपोर्टों में दिये गये हैं। १९८०–८१ के दौरान इनमें हुई प्रगति इस प्रकार है :

५.०१ 'टूवर्ड्स फ्रीडम' परियोजना

सन् १९७३ में शुरू की गई यह परियोजना भा० इ० अ० प० के सर्वोपरि पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है। इसके अन्तर्गत १९३७–४७ के दौरान स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के स्रोतों के दस खण्ड संकलित करने की परिकल्पना है। केन्द्रीय और राज्य सरकारों के कार्यालयों में उपलब्ध और परिरक्षित सरकारी अभिलेख तथा अन्य संबंधित सामग्री का संकलन राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा

किया जारहा है और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, निजी और गैर-सरकारी प्रकृति के प्राथमिक और गौण स्रोतों के संग्रह कार्य में लगी है। अभी तक प्रथम तीन खण्डों के लिए पर्याप्त सामग्री एकत्र की जा चुकी है।

परियोजना में कार्यरत शैक्षणिक स्टाफ ने आलोच्य वर्ष के दौरान एम० एस० अणे, आर० एस० देशमुख और डी० पी० मिश्र के निजी कागजातों और बहार हर्ल्ड, कलकत्ता, रीव्यू कांग्रेस सोशलिस्ट, हरिजन, हिन्दू आउटलुक, हितावदा, इण्डियन विटनेस, जस्टिस, नेशनल फ्रन्ट, दि मेल, दि पायनियर, दि स्टेट्समेन (सभी अंग्रेजी), भारत वर्ष और देश (बंगला में), आज, अग्रदूत, आर्य मित्र, पराक्रम, संघर्ष, यू० पी समाचार, विहंगम (सभी हिंदी), खालसा सेवक और कीर्ति लहर (पंजाबी) और अल नजीर, हिन्दुस्तान और सरफराज (उर्दू) जैसे समाचारपत्रों और पत्रिकाओं का निरीक्षण किया। उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित संगठनात्मक कागजातों का भी निरीक्षण किया गया : अखिल भारतीय कांग्रेस समिति, अखिल भारतीय कांग्रेस समाजवादी पार्टी, अखिल भारतीय किसान सभा, छात्र संघ, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, अखिल भारतीय युवा संघ, भारतीय साम्यवादी पार्टी, फारवर्ड ब्लाक, लीग आफ रेडिकल कांग्रेसमेन और महाकोशल प्रान्तीय कांग्रेस समिति। इनके अतिरिक्त कुछ इश्तहारों और पुस्तिकाओं, जैसे कांग्रेस पत्रिका, महासमुद तहसील आन्दोलन के सम्बन्ध में पुलिस की ज्यादतियां' आर० एस० शुक्ल द्वारा (१९४०) आदि का भी निरीक्षण किया गया।

५.०३ स्वतन्त्रता संघर्ष के दौरान राज्य विधान सभाओं की भूमिका के सम्बन्ध में परियोजना

यह परियोजना, भारतीय आजादी की २५वीं वर्षगांठ के अवसर पर सन् १९७२ में शुरू की गयी थी और इसका उद्देश्य ग्यारह खण्ड तैयार करना है जिनमें प्रत्येक में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक-एक राज्य की विधान सभा द्वारा अदा की गई भूमिका का उल्लेख होगा। यह पहले ही बताया जा चुका है कि उत्तर पश्चिम सीमान्त प्रान्त, असम और उड़ीसा के सम्बन्ध में खण्ड प्रकाशित हो चुके हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान, पंजाब और बंगाल से सम्बन्धित खण्डों की प्रकाशनार्थ जांच की जा रही थी और पंजाब से संबंधित खण्ड छपने के लिए भेजा गया। मद्रास से संबंधित खण्ड को प्रेस के लिए तैयार किया जा रहा था। अन्य खण्ड तैयार करने का कार्य चल रहा था।

५.०४ 'प्रजा मण्डल आन्दोलन परियोजना'

१९७५-७६ में शुरू की गई इस परियोजना ने, जिसका उद्देश्य भारत के स्वतन्त्रता-पूर्व शाही राज्यों में प्रजा मंडल आन्दोलन का व्यापक प्रस्तुतीकरण है, वर्ष १९८०-

८१ के दौरान प्रगति की। इस वर्ष के दौरान निजी कागजातों और सरकारी अभिलेखों से सामग्री एकत्रित की गई।

VI

सेमिनार

६.०१ ऐतिहासिक ज्ञान के प्रोन्नयन और उपयोग के सम्बन्ध में सेमिनार, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित, और प्रायोजित करने तथा उनके लिए सहायता देने के अपने उद्देश्यों के अनुसरण में परिषद ने वर्ष के दौरान पांच सेमिनार प्रायोजित किये - चण्डीगढ, रांची, पटना, तिरुपति और गोआ में एक-एक और सम्मेलन, सेमिनार तथा संगोष्ठियां आयोजित करने के लिए ३७ संस्थाओं को सहायता प्रदान की। जिन संस्थाओं को ऐसी सहायता दी गयी उनके ब्योरे परिशिष्ट VII में दिये गए हैं।

६.०२ परिषद द्वारा चण्डीगढ में प्रायोजित सेमिनार का विषय था: 'ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दियों के दौरान भारत का सामाजिक-सांस्कृतिक इतिहास'। इसका आयोजन (२ से ४ अक्तूबर, १९८१ तक) पंजाब विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया था और प्रोफेसर बी०सी० पाण्डे इसके समन्वयकर्ता थे। इसका उद्घाटन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर० सी० पाल ने किया था। उदघाटन बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर बी० पी० सिन्हा ने की थी। ९ वरिष्ठ विद्वानों ने चार सत्रों में प्रमुख भाषण दिये। लगभग पचास विद्वानों ने, जिनमें बड़ी संख्या में युवा इतिहासकार शामिल थे, विचार-विमर्श में भाग लिया। प्रमुख भाषणों में ग्यारवीं व बारहवीं शताब्दियों के दौरान उत्तर भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास के किसी न किसी पहलू का उल्लेख किया गया। उद्घाटन और समापन दोनों ही अवसरों पर भा० इ० अ० प० के निदेशक प्रोफेसर बी० आर० ग्रोवर ने परिषद की प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख किया और यह बताया कि इस प्रकार के सेमिनार किस प्रकार से ऐतिहासिक ज्ञान के आदान प्रदान और उपयोग के एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करते हैं।

६.०३ रांची में सेमिनार का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा किया गया था (१२ से १४ नवम्बर १९८०) और प्रोफेसर एस० एम० पटनायक इसके समन्वयकर्ता थे। सेमिनार का विषय था: 'पूर्वी भारत, विशेष रूप से बिहार, बंगाल और उड़ीसा के संदर्भ में, १४वीं शताब्दी के बाद जन-जातीय क्षेत्रों का

सामाजार्थिक इतिहास'। सेमिनार का उद्घाटन बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के इतिहास विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर सीताराम सिंह ने किया था और उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति, डा० आर० सी० बोस ने की थी। १४ वरिष्ठ विद्वानों ने विभिन्न विशिष्ट विषयों पर, जो मुख्य रूप से सेमिनार के विषय से संबन्धित थे, प्रमुख भाषण दिये। लगभग ५० विद्वानों ने विचार विमर्श में भाग लिया, जो मुख्यतः बंगाल, बिहार, और उड़ीसा के थे। चर्चा के लिए एक अपेक्षाकृत उपेक्षित विषय चुनकर तथा इस विषय पर विद्वतापूर्ण विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच उपलब्ध करके सेमिनार युवा विद्वानों के बीच इस विषय के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने में सफल रहा और उन्हें यह समझने में मदद मिली कि जनजातीय क्षेत्रों के सामाजार्थिक इतिहास का किस प्रकार से अध्ययन किया जाए।

६.०४ पटना में सेमिनार का आयोजन (२० से २२ जनवरी, १९८१ तक) पटना विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया था और प्रोफेसर बी० पी० सिन्हा इसके समन्वयकर्ता थे। सेमिनार का विषय था: 'प्राचीन भारत में टेरीकोट्टाज'। इसका उद्घाटन, भा० इ० अ० प० के सदस्य, प्रोफेसर के० डी० बाजपेयी ने किया था और उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राम अवतार शुक्ल ने की थी। चौबीस वरिष्ठ विद्वानों ने प्राचीन भारतीय टैराकोटा के विभिन्न पहलुओं पर निबन्ध प्रस्तुत किए। लगभग ५० विद्वानों ने, जिनमें बड़ी संख्या में युवा पुरातत्वविद और कला इतिहासकार शामिल थे, चर्चा में भाग लिया।

६.०५ तिरुपति में सेमिनार का आयोजन (३ से ५ फरवरी, १९८१ तक) श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा किया गया था और प्रोफेसर बी० एम० रेड्डी इसके समन्वयकर्ता थे। सेमिनार का विषय था: 'उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में दक्षिण भारत में शैक्षिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन'। सेमिनार का उद्घाटन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शर्मा ने किया था। उद्घाटन समारोह के अवसर पर उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में इतिहास के प्रोफेसर सरोजनी रैंगानी ने प्रमुख भाषण दिया। अपने भाषण में उन्होंने उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में दक्षिण भारत में शैक्षिक प्रगति के इतिहास और सामाजिक परिवर्तनों पर उसके प्रभाव का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया तथा कुछ ऐसे पहलुओं का उल्लेख किया जिनके सम्बन्ध में और अनुसंधान करने की आवश्यकता

है। सेमिनार के विषय के किसी न किसी पहलू से संबंधित बीस निबंध प्रस्तुत किए गए और उन पर चर्चा की गई। ३० आमंत्रित व्यक्तियों के अलावा अनेक स्थानीय विद्वानों ने चर्चा में भाग लिया।

६.०६ गोआ में सेमिनार का आयोजन जेवियर इतिहास अनुसंधान केन्द्र, पणजी ने किया था (२४ से २६ फरवरी १९८१ तक) और डा० टी० आर० डीशूजा इसके समन्वयकर्ता थे। वाइस एडमिरल एम० पी० अवाती की अध्यक्षता में मेरीटाइम हिस्ट्री सोसायटी, बम्बई ने गोआ में नौ सेना केन्द्र के माध्यम से डा० डी० शूजा को अपना सहयोग दिया। सेमिनार का विषय था:'पश्चिमी भारत, समुद्र के विशेष संदर्भ में, का सामाजार्थिक इतिहास: १५००-१९००"। उद्घाटन अवसर पर, भा० इ० अ० प० के अध्यक्ष प्रोफेसर ए० आर० कुलकर्णी ने भा० इ० अ० प० के उद्देश्यों को बताया और ऐतिहासिक अनुसंधान के प्रोत्साहन के लिए इसके द्वारा किये जा रहे कार्य का उल्लेख किया। वाइस एडमिरल एम० पी० अवाती उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि थे, जिन्होंने अपने भाषण में सेमिनार के विषय की सार्थकता का उल्लेख किया और एक संयोजन कड़ी के रूप में समुद्र का जिक्र किया। उसके बाद हुए अकादमिक विचार-विमर्श में ३४ निबंध प्रस्तुत किये गए। ये निबन्ध, सामाजार्थिक स्थितियों, जहाज निर्माण और समुद्र व्यापार, विपणन केन्द्रों और आर्थिक संस्थाओं, समुद्र तथा सामाजिक संस्थाओं से सम्बद्ध थे।

VII

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

भारतीय और विदेशी इतिहासकारों के बीच सम्पर्कों को प्रोत्साहन

७.०१ भारतीय और विदेशी इतिहासकारों के बीच घनिष्ठ सम्पर्कों का विकास करने के लिए परिषद प्रयास करती रही है ताकि अनुभव और अनुसंधान परिणामों का लाभदायक ढंग से उपयोग किया जा सके। १९८०–८१ के दौरान यह कार्य निम्नलिखित के जरिये किया गया :

(१) विदेशों में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय व अन्य सम्मेलनों में भाग लेने के लिए भारतीय इतिहासकारों की सहायता, (२) परिषद की सहायक-अनुदान योजनाओं के अधीन विदेशी विद्वानों को अनुदानों की स्वीकृति, (३) ऐसे भारतीय विद्वानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना जिनके विदेशी दौरे उनके अनुसंधान कार्य के लिए आवश्यक थे, और (४) विदेशों के साथ भारत सरकार के सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों में भा० इ० अ० प० द्वारा भाग लेना आदि।

७.०२ अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास विज्ञान समीतियों के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक विज्ञानों की पन्द्रहवीं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस १० से १७ अगस्त १९८० तक बुखारेस्ट, रूमानिया में हुई थी। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, ऐतिहासिक विज्ञानों की अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस, ला-फोली १९०५, चेक्स ब्रेस, सुइसे की एक संस्थागत सदस्य है। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद ने अपने अध्यक्ष प्रोफेसर ए० आर० कुलकर्णी और निदेशक, प्रोफेसर बी०आर० ग्रोवर को अपने शिष्टमण्डल के रूप में भेजा। कांग्रेस में भाग लेने के लिए परिषद ने हेरस भारतीय इतिहास और संस्कृति संस्थान, बम्बई के निदेशक डा० जान कोरेरिओ एफोन्सो का एक ओर का हवाई किराया भी स्वीकृत किया। प्रोफेसर ए० आर० कुलकर्णी ने 'मौखिक इतिहास' पर आयोजित एक सत्र की अध्यक्षता की और एक निबन्ध प्रस्तुत किया। प्रोफेसर बी० आर० ग्रोवर ने एक व्याख्या प्रस्तुत की और विचार विमर्श में भी भाग लिया। डा० जान कोरेरिओ एफान्सो ने भी 'मध्यकाल में पूर्व और पश्चिम के बीच अन्तर-क्रिया' विषयक सत्र में एक निबन्ध प्रस्तुत किया। भा० इ० अ० प० के सदस्य तथा अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास विज्ञान समिति व्यूरो के एक पदेन-सदस्य प्रोफेसर सतीश चन्द्र ने भी कांग्रेस और अकादमिक विचार-विमर्श में भाग लिया।

७.०३ वर्ष के दौरान इतिहासकारों के दो प्रतिनिधिमण्डलों ने—एक अफगानिस्तान से और दूसरा फ्रांस से भारत का दौरा किया। अफगानिस्तान के प्रतिनिधिमण्डल में प्रोफेसर मीर हुसैन शाह और डा० अब्दुल लतीफ जलाली शामिल थे। दोनों को ही, काबुल से दिल्ली का वापसी हवाई किराया, भारत में यात्रा के लिए हवाई किराया और दो सप्ताह के लिए स्थानीय आतिथ्य मंजूर किया गया था। अपने-अपने अनुसंधान विषयों के लिए भारतीय अभिलेखागार, नई दिल्ली से स्रोत सामग्री एकत्र करने के अलावा उन्होंने दिसम्बर १९८० में बम्बई में भारतीय इतिहास कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लिया।

फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल में प्रोफेसर पिरेरे देयोन, प्रोफेसर मौरिस अयमर्ड, प्रोफेसर गुयबोइस और प्रोफेसर पिरेरे लमईसन शामिल थे। उन्हें भारत में यात्रा के लिए हवाई किराया, स्थानीय आतिथ्य और दैनिक भत्ता मंजूर किया गया। उन्होंने दिसम्बर १९८० में बम्बई में भारतीय इतिहास कांग्रेस में भाग लिया। भारत-फ्रांस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत उनकी उपस्थिति का लाभ उठाते हुए भा० इ० अ० प० ने ७ और ८ जनवरी १९८१ को नई दिल्ली में एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्घाटन प्रोफेसर सतीश चन्द्र ने किया

था। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने जागीरदारी प्रथा और प्रोटोग्रौद्योगीकरण तथा परिवर्तन की समस्याओं के सन्दर्भ में यूरोप और भारत के तुलनात्मक अध्ययन की सार्थकता की आवश्यकता पर जोर दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर श्री आर० एस० शर्मा और नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय, नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने अधिवेशनों की अध्यक्षता की। निम्नलिखित निबन्ध प्रस्तुत किये गए:

(१) 'प्रोटो-औद्योगीकरण की समस्याएं'
प्रोफेसर पिरेरे देयोन

(२) 'प्रोटो औद्योगीकरण और परिवर्तन'
प्रोफेसर मौरिस अयमर्ड

(३) 'उत्पादन की सामन्तवादी पद्धतिः सामन्तवाद से पूंजीवाद तक संक्रमण'
प्रोफेसर गुय बोइस

(४) 'पश्चिमी यूरोप में परिवार के-मृ-विज्ञान का इतिहास'
प्रोफेसर पिरेरे लमईसन

सेमिनार में लगभग ५० प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रोफेसर एस नुरुल हसन, प्रोफेसर के० ए० निजामी (सदस्य भा० इ० अ० प०) और इतिहास के प्रोफेसर, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ, प्रोफेसर रोमिला थापर, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, प्रोफेसर बी० आर० ग्रोवर, निदेशक, भा० इ० अ० प०, डा० इक्तिदार आलम खान, उच्च अध्ययन केन्द्र, इतिहास विभाग, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ, डा० हरबंस मुखिया, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, डा० ओम प्रकाश, दिल्ली अर्थशास्त्र स्कूल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा अन्य विद्वानों ने विचार विमर्श में भाग लिया। विचार विमर्श के दौरान अपने अकादमिक योगदान में इन विद्वानों ने निबंधों के विषयों के संदर्भ में भारतीय समानताओं का उल्लेख किया।

७.०४ उपरोक्त के अलावा परिषद ने यूरोप के दो इतिहासकारों को सुविधाएं प्रदान की। हिडेलबर्ग विश्वविद्यालय, हिडेलबर्ग के दक्षिण एशियाई संस्थान के प्रोफेसर दायत्मर रोथरमुण्ड को अनुरक्षण तथा प्रासंगिक व्यय के साथ-साथ भारत में यात्रा के लिए हवाई किराया स्वीकृत किया गया। प्रोफेसर रोथरमुण्ड ने दिल्ली, हैदराबाद, मद्रास, मदुरै और कलकत्ता में कुछ विश्वविद्यालयों का दौरा

किया और व्याख्यान दिये। चेकोस्लाविया की विज्ञान अकादमी के प्राच्य संस्थान के डा० जोसेफ कोलमास को प्राग से दिल्ली तक का वापसी हवाई किराया मंजूर किया गया ताकि वह अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति अकादमी, नई दिल्ली में उपलब्ध तिब्बती पाण्डुलिपियों का अध्ययन कर सकें। वर्ष के अन्त तक डा० जोसेफ कोलमास ने अनुदान का उपयोग नहीं किया था ।

७.०५ विभिन्न देशों में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनारों, सम्मेलनों में भाग लेने के लिए निम्नलिखित सात भारतीय विद्वानों को अनुदान स्वीकृत किये गए :

(१) प्रोफेसर के० वी० रमन, मद्रास
(२) डा० बी० एस० शास्त्री, पण्जी
(३) प्रोफेसर उपेन्द्र ठाकुर, बौध्र गया
(४) प्रोफेसर ए० सी० बोस, जम्मू
(५) प्रोफेसर जे० एस० ग्रेवाल, अमृतसर
(६) प्रोफेसर डी० एन० धनागरे, पुणे
(७) प्रोफेसर एस० वी० देव, पुणे

अनुदानों के ब्योरे परिशिष्ट IV में दिये गए हैं।

७.०६ निम्नलिखित चार भारतीय विद्वानों को अनुदान स्वीकृत किये गए ताकि वे विदेशों का दौरा कर सकें। प्रथम व्यक्ति के मामले में यह अनुदान एक पुरातत्वीय खुदाई में भाग लेने के लिए और शेष के मामलों में अनुसंधान के लिए सामग्री एकत्र करने के लिए स्वीकृत किया गया था :

१. डा० शीरीन रत्नागर, नई दिल्ली।
२. डा० कृपाल सिंह, पटियाला।
३. मेस० अमिता दास, लखनऊ।
४. डा० ऊषा अग्रवाल, नई दिल्ली

अनुदानों के ब्योरे परिशिष्ट IV में दिये गए हैं।

VIII

प्रकाशन

८.०१ परिषद की अर्द्धवार्षिक पत्रिका 'दि इण्डियन हिस्टोरिकल रिव्यू' खण्ड ५ अंक १ और २, मार्च १९८१ में जारी किया गया। इसमें १२ लेख, ७३ समीक्षाएं और ५ लघु नोटिस शामिल हैं। खण्ड ६, अंक १ और २, जिनमें ७ लेख, २ समीक्षा लेख

और लगभग ६० समीक्षाएं तथा लघु नोटिस हैं, छपने के लिए भेजे गए।

८.०२ उपरोक्त के अलावा परिषद ने ४ पुस्तकें: पुनर्मुद्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रकाशित लेखों का एक संग्रह और तीन अनुवाद प्रकाशित किये। परिषद ने एक वार्षिक रिपोर्ट तथा न्यूजलेटर भी प्रकाशित किया। इनके ब्योरे नीचे दिये गये हैं।

पुनर्मुद्रण कार्यक्रम :

१. 'भारतीय मुद्राशास्त्र-डी० डी० कोसंबी द्वारा (ओरिएन्ट लोंगमेन लि० नई दिल्ली के साथ सह-प्रकाशित)

अनुवाद

बंगला

१. 'भारत का इतिहास' खण्ड १-रोमिला थापर द्वारा (ओरिएन्ट लोंगमेन लि० कलकत्ता के साथ सह-प्रकाशित)

२. 'मुगलों के शासन में भू-राजस्व प्रशासन'-एन० ए० सिद्दिकी द्वारा (पर्ल पब्लिशर्स, कलकत्ता के साथ सह-प्रकाशित)

३. 'हिन्दुस्तान के लोगों का जीवन और परिस्थितियां'
डा० के० एम० अशरफ द्वारा
(पर्ल पब्लिशर्स, कलकत्ता के साथ सह-प्रकाशित)

वार्षिक रिपोर्ट

१. भा० इ० अ० प० वार्षिक रिपोर्ट, १९७८–७९-अंग्रेजी

२. भा० इ० अ० प० वार्षिक रिपोर्ट, १९७८-७९-हिन्दी

न्यूजलेटर

१. भा० इ० अ० प०, खण्ड ६, अंक ३-४ (जुलाई-दिसम्बर, १९७८)

८.०३ निम्नलिखित तीन प्रकाशन-एक स्रोत खण्ड, एक परियोजना कार्य और एक अनुवाद–प्रकाशन के विभिन्न स्तरों पर थे :

१. 'तमिलनाडु और केरल के शिलालेखों की एक स्थलाकृतिक सूची',-खण्ड I -प्रोफेसर टी० वी० महालिंगम

२. 'पंजाब में स्वतंत्रता संग्राम और विधायी राजनीति का अध्ययन: १८९७-१९४७'-सत्य एम० राय द्वारा

३. 'दि कोलास' - प्रोफेसर के० ए० नीलकांत शास्त्री
(के० वी० रमन द्वारा तमिल अनुवाद)

IX

प्रलेखन केन्द्र एवं पुस्तकालय

९.०१ वर्ष के प्रारम्भ में केन्द्र में ११,५३० खण्ड थे। वर्ष के दौरान ४३५ खण्ड और जोड़े गये, इस प्रकार वर्ष के अन्त तक खण्डों की कुल संख्या ११,९६५ हो गई। पुस्तकालय में मंगाई जाने वाली पत्रिकाओं/पत्रों की संख्या १०० थी।

९.०२ एक माइक्रो फिल्म रीडर प्राप्त किया गया और अध्येताओं के उपयोग के लिए उसे पुस्तकालय में लगाया गया। वर्ष के दौरान ९ माइक्रोफिल्म/पुनर्मुद्रण प्राप्त किये गए।

X

प्रशासन

१०.०१ निम्नलिखित तालिका में वर्ष के दौरान परिषद की हुई बैठकों की संख्या दर्शायी गयी है :

परिषद/समिति	बैठकों की संख्या
(१) भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद	२
(२) प्रशासनिक समिति	३
(३) अनुसंधान परियोजनाएं समिति	३
(४) अध्ययन अनुदान समिति	३
(५) सम्पादकीय बोर्ड, टूवर्ड्स फ्रीडम प्रोजक्ट	१

१०.०२ ३१ मार्च १९८१ को परिषद की संस्वीकृत स्टाफ संख्या परिशिष्ट VIII में दी गयी है।

परिशिष्ट–I

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद

(३१ मार्च १९८१ की स्थिति)

भा० इ० अ० प० का गठन

प्रोफेसर ए० आर० कुलकर्णी,
अध्यक्ष, भा०इ०अ०प०
अध्यक्ष, इतिहास विभाग,
पूना विश्वविद्यालय, पुणे

१. डा० रघुबीर सिंह,
रघुबीरसिंह निवास, सीतामऊ,
मालवा–४५८९९० (म०प्र०)

२. प्रोफेसर एस० एस० बल,
अध्यक्ष,
इतिहास विभाग,
पंजाबी विश्वविद्यालय. पटियाला–१४७९९२

३. प्रोफेसर वी०एन० दत्ता,
प्रोफेसर, आधुनिक इतिहास,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र–१३२११९

४. डा० पी० एन० चोपड़ा,
सम्पादक (गजेटियर्स),
संस्कृति विभाग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–११०००१

५. प्रोफेसर पी० एस० गुप्ता,
इतिहास विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली–११०००७

६. प्रोफेसर बी०एस० माथुर,
इतिहास विभाग,
उदयपुर विश्वविद्यालय,
उदयपुर (राजस्थान)

७. प्रोफेसर के० ए० निजामी,
निजामी विला,
सर सैयद रोड, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)

८. प्रोफेसर लल्लनजी गोपाल,
ए० आई० एच० सी० तथा पुरातत्व विभाग,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी–२२१००१

९. प्रोफेसर के० डी० बाजपेयी,
एच-१५, पद्माकर नगर,
सागर–४७९९९४ (म०प्र०)

१०. प्रोफेसर योगेन्द्र मिश्र,
वैशाली भवन,
टिकियाटोली, पटना–८००००६

११. प्रोफेसर सिसिर कुमार मित्रा,
१/१ए-विलियम लेन, कलकत्ता–७००००९

१२. प्रोफेसर एम० एन० दास,
इतिहास विभाग,
उत्कल विश्वविद्यालय, वाणी विहार,
भुवनेश्वर–७५१००४ (उड़ीसा)

१३. प्रोफेसर एच० के० बरपुजारी,
प्रोफेसर, इतिहास (सेवानिवृत्त),
एच० सी० रोड, गोहाटी–७८१००१

१४. प्रोफेसर द्विजेन्द्र त्रिपाठी,
प्रोफेसर, आर्थिक इतिहास,
भारतीय प्रबन्ध संस्थान,
अहमदाबाद–३८००१५

१५. प्रोफेसर सरोजिनी रेगानी,
६-१-२७५/२, पद्मारावनगर,
सिकन्दराबाद–५०००२५

१६. प्रोफेसर एस० एच० रित्ती,
प्रोफेसर तथा अध्यक्ष,
प्राचीन भारतीय इतिहास तथा पुरालेख विभाग,
कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़–५८०००३ (धारवाड़)

१७. प्रोफेसर एन० सुब्रमयम,
नं० ९६, एन० जी० ओ० कालोनी,
नागमलई पुडुक्कोटी, मदुरै–६२५०१९ (तमिलनाडु)

१८. प्रोफेसर टी० के० रविन्द्रन,
इतिहास विभाग,
केरल विश्वविद्यालय, करिआवट्टम, त्रिवेन्द्रम–६९५५८१

१९. प्रोफेसर सतीश चन्द्र,
ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली–११००६७

२०. महानिदेशक,
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण,
नई दिल्ली–११०००१

२१. श्री एस० ए० आई० तिरमीजी,
निदेशक,
भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार,
जनपथ, नई दिल्ली–११०००१

२२. सचिव (शिक्षा),
शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–११०००१

२३. श्री मीर नसरुल्लाह,
अपर सचिव,
संस्कृति विभाग
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–११०००१

२४. श्री आर० एन० पी० सिन्हा,
उप वित्तीय सलाहकार,
शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली ११०००१

२५. श्री एच० के० रक्षित,
निदेशक,
भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण,
२७, जवाहर लाल नेहरू रोड,
कलकत्ता–७०००१६

२६. सदस्य सचिव,
(अभी तक परिषद द्वारा पद मंजूर नहीं किया गया है)

परिशिष्ट–II

वर्ष के दौरान स्वीकृत अनुसंधान परियोजनाओं की सूची नीचे दी जा रही है। स्वीकृत राशि कोष्ठक में दी गई है।

१. प्रोफेसर अधीर चक्रवर्ती, उप जन शिक्षा निदेशक (प्रशा०), प० बंगाल सरकार, राइटर्स बिल्डिंग, कलकत्ता, 'प्राचीन भारत में शहरी विकास' (२०,४०० रु०)।

२. डा० ए० के० शास्त्री, भवानी बिल्डिंग, टी०एस०एस० चावल मिल के निकट, सिरसी, कर्नाटक, 'शृंगेरी मठ के कठियाओं से चुनिन्दा पूर्व–१८०० अभिलेख' (२५,००० रु०)।

३. डा० आर० व्यास, रीडर तथा अध्यक्ष, इतिहास विभाग, जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर, 'राजस्थान में व्यापार मार्ग और वाणिज्यिक केन्द्र : १७५०–१८१० ए०डी० (९,००० रु०)।

४. श्री शैलेन्द्र कुमार बाग, इतिहास विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता, 'बंगाल में रेशम उद्योग और रेशम बुनकर : १७५७–१८३५ ए०डी०' (५,००० रु०)।

५. डा० हरिओम, प्राध्यापक, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू, 'लाला लाजपतराय और भारतीय आजादी के लिए संघर्ष' (५,००० रु०)।

६. डा० यू० एन० चक्रवर्ती, ओला बिबिटोला, महला, हुगली, 'भारतीय राजनीति और अर्थ-व्यवस्था पर प्रथम विश्वयुद्ध का प्रभाव : १९१४–१९१८' (५,००० रु०)।

७. डा० एम० ए० खान, इतिहास विभाग, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर, '१८६० से १९०९ तक मध्य प्रान्त में भू-राजस्व प्रशासन' (८,००० रु०)।

८. डा० रघुबीर सिंह, रघुबीर निवास, सितामऊ, मालवा, म० प्र०, 'राव उदयभान चम्पावत री ख्यात' (२५,००० रु०)।

९. डा० डी० सी० वर्मा, जूनियर अनुसंधान अधिकारी, इतिहास खण्ड, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली, 'बीजापुर राज्य का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक इतिहास : १४९०–१६८६ ए०डी० (५,००० रु०)।

१०. डा० जमीरुद्दीन सिद्दीकी, रीडर, उच्च अध्ययन केन्द्र, इतिहास विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, '१८वीं शताब्दी के दौरान भारत में मुस्लिम धार्मिक अभियान' (४,००० रु०)।

११. डा० एस०बी० चौधरी, १/१०, आर० सी० मुखर्जी लेन, कलकत्ता-२५, 'भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान नागरिक अव्यवस्था : १७६५–१८५७,' (५,००० रु०)।

१२. श्री जितेन्द्र सिंह, ९ श्रीकृष्णपुरी, जयप्रकाश पथ, पटना, '५०० बी०सी० से ७०० ए०डी० तक पाटलीपुत्र का इतिहास' (८,४०० रु०)।

१३. प्रोफेसर ए०वी० नरसिम्हामूर्ति, अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर, 'कर्नाटक में साहित्य और पुरालेखों से मुद्रा-शास्त्रीय आंकड़े' (१३,००० रु०)।

१४. डा० वाई० गोपाला रेड्डी, प्राध्यापक, इतिहास, एस० के० आर० राजकीय कालेज, गुडुर, आन्ध्र प्रदेश, 'काकातिय वास्तुकला और कला' (९,००० रु०)

१५. श्री सुखबीरसिंह गहलोत, मेरती गेट, जोधपुर, 'ऐतिहासिक पंचांग' (१०,००० रु०)।

१६. डा० बी० एस० दास, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खडगपुर, 'दक्षिण-पश्चिम बंगाल प्रेसीडेंसी के आर्थिक इतिहास के कुछ पहलुओं का अध्ययन : १८३३–१८८५' (२२,७००रु०)।

१७. डा० जे०बी० भट्टाचार्जी, रीडर, इतिहास विभाग, समाज विज्ञान स्कूल, उत्तर पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग, 'उत्तर-पूर्वी-भारत में सीमान्त व्यापार का इतिहास : १७९४–१९७९' (२५,००० रु०)।

१८. डा० सुषमा जे० वर्मा, इतिहास विभाग, पूना विश्वविद्यालय पुणे, 'महाराष्ट्र में राजस्व समाधान : १८१५–१९००' (६,००० रु०)।

१९. प्रोफेसर विपिन चन्द्र, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, समाज विज्ञान स्कूल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, 'मार्क्स, एशियाई सोसायटी और उपनिवेशवाद' (६,००० रु०)।

२०. डा० शंकर प्रसाद घोष, पो० आ० बाबरा प्रफुल नगर, जिला २४-परगना, प० बंगाल, 'नादिया के मंदिरों में टेराकोटा व अन्य सज्जा' (११,००० रु०)।

२१. डा० एम०ए० नईम, ६-१-६९१३, सईद मंजिल, सैफाबाद, हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश, 'दक्कन के प्रशासनिक इतिहास के संबंध में चुनिन्दा दस्तावेज : १७४८-१८०३ ए०डी०' (२०,००० रु०)।

२२. डा० के० एस० मैथ्यू, रीडर, इतिहास विभाग, एम० एस० विश्वविद्यालय, बड़ौदा, 'गुजरात और महाराष्ट्र में पुर्तगाली—एक सामाजार्थिक अध्ययन —१५००–१७०७ ए०डी०' (१०,००० रु०)।

२३. कुमारी एम० जे० लोबो, जेवियर ऐतिहासिक अनुसंधान केन्द्र, मिरामर, पणजी, गोआ, 'स्वतन्त्रता-पूर्व युग में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में गोआ के क्षेत्रीय इतिहास की संदर्भ गाइड,' (१२,००० रु०)।

२४. श्री ए० एलेग्जेण्डर, इतिहास विभाग, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट, 'सौराष्ट्र के शाही राज्यों के संदर्भ में प्रभुता का विकास' (५,००० रु०)।

२५. डा० जी०सी० पटनायक, प्रिंसिपल, व्यासनगर कालेज, जयपुर रोड, कटक, 'ब्रिटिश शासन के अधीन उड़ीसा : आर्थिक इतिहास के संबंध में स्रोत सामग्री का संग्रह और सम्पादन' (२५,००० रु०)।

२६. डा० बी० एस० दास, रीडर, मानविकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खडगपुर, ('पं० बंगाल के दो जिलों—मिदनापुर और हावड़ा में स्वतन्त्रता आन्दोलन : १९३९–४७' (१२,००० रु०)।

२७. डा० के० के० एन० कुरूप, रीडर, इतिहास विभाग, कालीकट विश्व-विद्यालय, कालीकट, 'उपनिवेशीय पद्धति के अधीन कसारगोड़ तालुक में भू-नियंत्रण और कृषि प्रणाली' (२२,००० रु०)।

२८. प्रोफेसर बी० एन० मुखर्जी, उच्च अध्ययन केन्द्र, प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता, 'प्राचीन भारत की ऐतिहासिक एटलस', (२०,००० रु०)।

२९. अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति अकादमी, जे-२२, हौज खास एनक्लेव, नई दिल्ली, 'ए०डी० ८५५ से ए०डी० ११५८ तक मद्रास संबंधी प्राचीन पाण्डुलिपियों के संबंध में अध्ययन,' (१२,००० रु०)।

३०. कुमारी अनुसूया सेनगुप्ता, ८।१ , फर्न रोड बालीगंज, कलकत्ता, 'बंगाल की बौद्ध कला का सर्वेक्षण' (५,००० रु०)।

३१. अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति अकादमी, जे-२२, हौज खास, एनक्लेव, नई दिल्ली,' भारतीय इतिहास के ह्यु न-सांग के अभिलेखों का संकलन और प्रकाशन' (१०,००० रु०)।

३२. डा० मणि कामेरकर, प्रिंसिपल, मनीबेन नारावती महिला कालेज, राष्ट्रीय शाला रोड़, गांधी चौक, विले पार्ले (प०) बम्बई, 'थाना जिले में वर्ग और जातिः कम्पनी शासन १८००-१८५० के दौरान संरचनाएं और परिवर्तन' (५,००० रु० सीड मनी के रूप में)

३३. डा० उमा पाण्डेय, प्राध्यापक, स्नाकोत्तर संस्कृत विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू 'काश्मीर शैववादः एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण' (१५,००० रु०)।

३४. डा० आर० दास० गुप्त, रीडर, कला तथा वास्तुकला इतिहास विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, 'उत्तर भारतीय भित्ती चित्रकारी (१६वीं-१९वीं शताब्दी) (१५,००० रु०)।

३५. श्री रघुपाती कन्थूर, प्राध्यापक, इतिहास, मनीपाल जूनियर कालेज, मनीपाल, कर्नाटक, 'दक्षिण कनारा जिले में उडुपी तालुक की स्थलाकृति' (८,००० रु०)।

३६. डा० आर० एस० शिवगणेशमूर्ति, रीडर, संस्कृत विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय मैसूर, 'कर्नाटक इतिहास के संस्कृत स्रोत' (१७,००० रु०)।

३७. प्रोफेसर हेम नारायण अग्रवाल, अध्यक्ष, स्नाकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग, बिहार विश्वविद्यालय केन्द्र, छपरा, बिहार, 'भू जडित देश में कमाण्ड माडल-नेपाली अनुभव (१८४६-१९५०)।' (२४,००० रु०)।

३८. श्री एम० मजुमदार, ए-२६, चितरंजन पार्क, नईदिल्ली, 'भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलनः सी० आर० दास की जीवनी पर प्रलेखन' (५,००० रु०)।

३९. डा० बी वेंकटरमन, सचिव, पर्यटन तथा नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, विलिंगडन क्रेसेंट, नई दिल्ली, '२००० वर्षों के दौरान ओडिसी कला और वास्तुकला का विकास' (१०,००० रु०)।

४०. श्री पी० सी० रे, जे– १९६७, चितरंजन पार्क, नईदिल्ली, 'पूर्वी भारत में भाषाई राज्य: उनके ऐतिहासिक विकास का अध्ययन (१९०५-५६)' (५,००० रु०)।

४१. श्री लाल मनी दूबे, अनुसंधान अध्येता, प्राचीनभारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग, इलाहाबाद, 'कला तथा वास्तुकला संबंधी आंकड़ों के विशेष संदर्भ में भुवनदेवा के अपराजितापृच्छा का सामाजिक, सांस्कृतिक अध्ययन' (५,००० रु०)।

४२. श्री आर० अन्नमलई, सहायक प्रोफेसर, इतिहास, पंचिअप्पा कालेज, मद्रास, 'तमिलनाडु के नागरत्तर्सा' (४,३०० रु०)।

४३. श्री जी० एल० पुरी, एम-६०, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली, 'बी० सी० से पहले और बाद में अफगानिस्तान की बौद्ध परम्परा-उस क्षेत्र में बौद्ध धर्म का प्रचार और समाप्ति' (३,६०० रु०)।

४४. श्री एस० डी० त्रिवेदी, उप निदेशक, आसूचना ब्यूरो, गृह कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 'प्राचीनभारत में पुलिस संगठन और उसकी भूमिका' (१२,९६० रु०)।

४५. श्री एन० बी० वसंत शेट्टी, प्राध्यापक, प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग, एस० एम० एस० कालेज, ब्रह्मावर, कर्नाटक, 'बाराकुरु: पुरावशेषों की महानगरी: इसका इतिहास और संस्कृति, (५,००० रु०)।

४६. श्री सुरिन्दर मंजेश्वर, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, कर्नाटक कला कालेज, धारवाड, 'प्राचीन काल से १५वीं शताब्दी तक कर्नाटक का सैनिक इतिहास' (१०,००० रु०)।

४७. डा० एस० के० महामई, कार्यवाहक निदेशक, अभिलेखागार, पणजी गोआ, 'सुनदा पुर्तगाली संबंध: १८वीं और १९वीं शताब्दी' (५,००० रु०)।

४८. श्री एच० सी० शर्मा, इतिहास विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, 'पंजाब के शिल्पकार: ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन: १८४६-१६४७' (५,००० रु०)।

४६. कुमारी एस० भगवती, सहायक प्रोफेसर, सेंट मेरी कालेज, तूतीकोरीन, 'तिरुनेलवेली जिले का राजनीतिक और सामाजिक इतिहास: १७८१-१६४७' (५,००० रु०)।

उपरोक्त अनुसंधान परियोजनाओं की स्वीकृति के अलावा निम्नलिखित के लिए समय में बढोतरी/अतिरिक्त अनुदान स्वीकृत किए गए:

१. डा० एस० पी० संगर, ३०६३, सेक्टर २८-डी, चण्डीगढ़, '१७वीं शताब्दी में उत्तर भारतीय सोसायटी और संस्कृति' (१२,५०० रु० की लागत से एक और वर्ष समय की बढोत्तरी)।

२. श्री हरीश चन्द्र टिक्कीवाल, प्राध्यापक, इतिहास और संस्कृति विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, 'खतूत अहलकरण-राजस्थानी शृंखला, १६३३-१७६६ ए० डी० (भूतपूर्व जयपुर राज्य के अधिकारियों के बीच आदान-प्रदान किये गए पत्र), (१५०० रु० अतिरिक्त अनुदान के रूप में)।

३. काजी सज्जाद हुसैन, २११५, अहाताकाले साहब, कासिमजान स्ट्रीट, बल्ली-मारान, दिल्ली-६, सिराज-उल-हिदया (विद्यमान शर्तों और नियमों के अनुसार जामिला-उल-उलूम को सम्मिलित करने के लिए २वर्ष की अवधि बढाई गई तथा अनुसंधान अध्येता का मासिक वेतन ५०० रु० तक बढाने का प्रावधान किया गया)।

४. डा० वी० जी० हटालकर, पो० ओ० जनरल अस्पताल, तेलागांव, दभादे, यशवंत नगर, पुणे, 'मराठों के इतिहास से सम्बन्धित फ्रेंच दस्तावेजों का अनुवाद' (१०,५०० रु०)।

५. प्रोफेसर एस० सी० मिश्र, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, एम० एस० विश्व-विद्यालय बड़ौदा, 'तारीख-ए-महमूदशाही और शहरी इतिहास प्रलेखों का प्रकाशन' (२६,४०० रु०)।

६. श्री शौकत अली खान, निदेशक, राजस्थान प्राच्य अनुसंधान संस्थान, टोंक, राजस्थान, 'राजस्थान प्राच्य अनुसंधान, टोंक में पाण्डुलिपियोंका सूची पत्र तैयार करना' (१७,३०० रु०)।

परिशिष्ट–III

अधिछात्रवृत्तियां

वर्ष के दौरान स्वीकृत अधिछात्रवृत्तियों की सूची नीचे दी गई है। स्वीकृत राशि कोष्ठक में दी गई है:

१. श्री एस० बरकत अहमद, २६७, साकेत, इन्दौर-१, 'खिलाफत से विभाजन तक भारत में मुस्लिम राजनीति' (५,००० रु० प्र० वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक ६०० रु० प्र० मास की दर पर एक वर्ष के लिए एक वरिष्ठ अनुसंधान अन्वेषक की नियुक्ति का प्रावधान)।

२. श्री राम गोपाल, शान्ति सदन, मोती नगर, लखनऊ आजादी के बाद से भारतीय धर्मनिरपेक्षता' (५,००० रु० प्र० वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक १५०० रु० प्र० मास, साथ ही दो वर्ष तक ५०० रु० प्रति मास की दर से एक अनुसंधान सहायक की नियुक्ति का प्रावधान)।

३. श्रीमती गिरिजा सक्सेना, पंजाबी मोहल्ला, प्राध्यापक, इतिहास, गुना., म०प्र० 'गुना जिले का पुरातत्व' (३५०० रु० के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक वेतन संरक्षण)।

४. डा० बी० आर० शर्मा, इतिहास विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, 'प्राचीन भारत में योग की उत्पति और विकास' (२००० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक ७०० रु० प्रति मास)।

५. श्री अरविन्द कुमार शर्मा, पश्चिमी इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, 'भारत में समाजवादी आन्दोलन का इतिहास: १६२७-३६' (३,००० रु० फुटकर अनुदान के साथ एक वर्ष तक ६०० रु० प्रति मास)।

६. श्रीमती निर्मला के० कथुवा, २० वेंकटारत्नम नगर, अडयार, मद्रास-२०, 'आन्ध्र प्रदेश में धार्मिक धर्मादाओं का इतिहास: १८००-१६७०' (१५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ५०० रु० प्र० मास)

७. श्री लाजपत जग्गा, अनुसंधान अध्येता, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, 'एक औद्योगिक श्रमिक बल

का विकास और भारत में श्रमिक विरोध के स्वरूप : रेलों का एक अध्ययन: १९१९-३७' ।(२,००० रु० के कुल फुटकर अनुदान के साथ १६ महीने तक वेतन संरक्षण)।

८. श्री प्रेम शंकर पाण्डे, इतिहास विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, 'पी० डी० टन्डन के जीवन और कार्यकलापों का एक ऐतिहासिक अध्ययन (१८८२-१९६२)' (१,००० रु० के फुटकर अनुदान के साथ एक वर्ष के लिए ५०० रु० प्रति मास)।

९. श्री पी० के० सिंह, द्वारा श्री जी०एन०पी० सिंह, इतिहास विभाग, यू० एन० पी० जी० कालेज, पदरामा, '१९०१ से १९२२ तक उ० प्र० के औद्योगिक विकास का इतिहास' (१,००० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक ५०० रु० प्रति मास)।

१०. श्री बी० एन० पाल, डी-२९, माडल टाउन, दिल्ली, 'उत्तर प्रदेश की अन्तर-युद्ध अर्थ-व्यवस्था' (२००० रु० प्र० वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए १००० रु० प्रति मास)।

११. डा० माधवी यासीन, जे-३३, सरकारी क्वार्टर्स, जवाहर नगर, श्रीनगर, काश्मीर, 'लार्ड डफरीन का भारतीय प्रशासन' (दिल्ली नगर भत्ते के साथ दो वर्ष तक वेतन संरक्षण और २००० रु० प्रति वर्ष का फुटकर अनुदान)।

१२. कुमारी आभा सक्सेना, इतिहास विभाग, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर, 'भारत में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में सर तेज बहादुर सप्रू के विशेष संदर्भ में उदारवादियों का योगदान,' (१,००० रु० प्र० वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ५०० रु० प्रति मास)।

१३. श्री वी० राम कृष्ण रेड्डी, इतिहास विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, 'वारंगल सूबे का आर्थिक इतिहास १९११-५१' (१,००० रु० के फुटकर अनुदान के साथ एक वर्ष तक वेतन संरक्षण)।

१४. श्रीमती दिनेश नन्दिनी, ५२८/१२, मसीहा गंज, सिपरी बाजार, झांसी, 'प्राचीन काल से सरका ७वीं शताब्दी ए० डी० तक शैक्षिक और सामाजिक प्रगति के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय महिलाओं का अंशदान' (१५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक वेतन संरक्षण)।

१५. प्रोफेसर योगेन्द्र मिश्र, वैशाली भवन, टिकियाटोली, पटना-६, 'वैशाली का इतिहास: ४८४ बी० सी०-५५० ए० डी० (२५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक १५०० रु० प्रति मास)।

१६. श्री जी० के० वेट्टीकल, अनुसंधान अध्येता, इतिहास तथा पुरातत्व विभाग, कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड, 'दक्षिण भारतीय इतिहास लेखन का विकास' (२५०० रु० के फुटकर अनुदान के साथ छः महीने तक ५०० रु० प्रति मास)।

१७. डा० वी० टी० गुने, सेवानिवृत निदेशक, 'गोआ अभिलेखागार पणजी, गोआ, 'मराठा इतिहास के प्रकाशित स्रोतों का सर्वेक्षण और मराठी दस्तावेजों का एक सूचीपत्र तैयार करना: १६००-१८१८' (५,००० रु० प्र० वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक १२०० रु० प्रतिमास)।

१८. श्री साहब सरमादी, अलीगढ,' मुगल भारत में संगीत का इतिहास जिसमें मोहम्मद रजा द्वारा नगमत-अल-असाफी में उसूल का सम्पादन, समायोजन और तुलनात्मक अध्ययन, कलावत द्वारा रागदर्शन, खुशहल (फारसी में), राग मंजरी और राग माला (संस्कृत में) शामिल है, इसके अतिरिक्त नवाब सइफ खान का मन कुतुहल बनाम राग-दर्पण, मिर्जा रोशन जमीर द्वारा तुर्जुमा-ए-किताब व मिर्जा खान द्वारा तुहफत-उल-हिन्द भी शामिल हैं' (५,००० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ तीन वर्ष के लिए १५०० रु० प्रति मास-यात्रा-परामर्श व्यय ६००० रु० प्र० वर्ष की दर से और ७०० रु० प्र० मास की दर से एक अनुसंधान सहायक नियुक्त करने का प्रावधान। इसके अलावा ५५० रु० टाइप व्यय वहन करने के लिए—अधिकतम २४०० रु० प्रति वर्ष स्वीकृत करने का भी प्रावधान किया गया)।

१९. कुमारी ताप्ती बनर्जी, अनुसंधान अध्येता, इतिहास विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, 'बंगाल नवाबों के अधीन हिन्दू कुलों की भूमिका: १७०१-६५ (१००० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक ५०० रु० प्र० मास)।

२०. श्री अरूप चक्रवर्ती, इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, 'विपिन चन्द्र पाल और भारत में उग्रपंथी चुनौती: १८५८-१९३२'

(१५०० रु० के फुटकर अनुदान के साथ एक वर्ष तक ५०० रु० प्रति मास)।

२१. श्रीमती मनोषी मुखर्जी, द्वारा श्रीमती लीना बनर्जी, न्यू लेडीज कालोनी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, 'उ० प्र० में क्रांतिकारी आन्दोलन का इतिहास: १९१५-३१' (१५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ५०० रु० प्रति मास)।

२२. श्रीमती सुधा त्यागी, इतिहास विभाग, मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ, 'उत्तर प्रदेश में नागरिक असहयोग आन्दोलन: १९२९-३४' (१५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक वेतन संरक्षण)।

२३. श्री के० एन० धर, निदेशक, श्री परमानन्द अनुसंधान संस्थान, श्रीनगर: 'श्रीवरा के जैन राजतरंगिनी का अनुवाद,' (५००० रु० के फुटकर अनुदान और ५०० रु० प्रति मास की दर पर एक जूनियर अनुसंधान फैलो नियुक्त करने के प्रावधान के साथ दो वर्ष के लिए १२०० रु० प्रतिमास)।

२४. कुमारी कुमुद वर्मा, द्वारा श्री जी० पी० वर्मा, ३२५, माधवपुर जी० टी० रोड, इलाहाबाद, 'प्राचीन भारतीय लोक कला, जैसी कि वह मौर्य काल से कुषाण काल तक भारतीय कला के रूप में प्रदर्शित है' (१५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ५०० रु० प्रति मास)।

२५. प्रोफेसर के० डी० वाजपेयी, १५,पदमाकर नगर, मकरोनिया, सागर, म० प्र०, 'प्राचीन भारतीय इतिहास के लिए मुद्राशास्त्रीय स्रोत सामग्री' (५००० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान और दो वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास की दर पर एक अनुसंधान सहायक नियुक्त करने के प्रावधान के साथ दो वर्ष के लिए १५०० रु० प्रति मास)।

२६. श्री तुलसी राम, दिगम्बर जैन पी० जी० कालेज, बड़ौत, मेरठ, 'पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में क्रांतिकारी आन्दोलन: १९०७-३१' (१५०० रु० के फुटकर अनुदान के साथ एक वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

२७. डा० सी० एस० उपासक, निदेशक, नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा, 'अफगानिस्तान में बौद्ध धर्म का इतिहास' (५००० रु० प्रतिवर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए १००० रु० प्रतिमास)।

२८. डा० यशोधर मतुपल, दक्कन कालेज, पुणे, 'मध्य भारत में भौनरावली पर्वत (भीमबेटका क्षेत्र) के 'पत्थर युग की शिला कला' (५००० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ८०० रु० प्रति मास)।

२९. श्री मणि पाण्डे, अनुसंधान अध्येता, इतिहास विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर 'बनारस क्षेत्र में वाणिज्यिक खेती का विकास: १७७५-१८५७' (२००० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ २ वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

३०. श्री आर० सी० श्रीवास्तव द्वारा शारदा मेडिकल हाल, रामनगर, वाराणसी, 'विष्णुधर्मावतारा पुराण में भेषज विज्ञान' (३००० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

३१. श्री के० पुल्ला राव, अनुसंधान अध्येता, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग, नागपुर विश्वविद्यालय नागपुर, 'आन्ध्रप्रदेश और महाराष्ट्र की पुरा पाषाणीय संस्कृति' (२५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

३२. प्रोफेसर बी०पी० सिन्हा, पटना, 'प्राचीन बिहार में कला और वास्तुकला' (५००० रु० प्रतिवर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए १५०० रु० प्रति मास)।

३३. प्रोफेसर बी० एन० पुरी, बी-५८, सेक्टर-ए, महानगर, लखनऊ-६, मध्य एशिया में बौद्ध धर्म: इसके साहित्य और स्मारकों का एक विस्तृत अध्ययन' (५००० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए १५०० रु० प्रति मास)।

३४. श्री एफ० ए० हाश्मी, अनुसंधान अध्येता, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, 'दीवान-ए-आफताब का एक समालोचनात्मक संस्करण' (२५०० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

३५. डा० डी० इ० बाकेर, इतिहास विभाग, सेंट स्टीफन कालेज, दिल्ली-७, 'भारतीय भीतरी भूमि में एक कृषक वर्ग की संरचना: मध्य भारत की नर्मदा घाटी: १८२०-१९२०' (२५०० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष तक वेतन संरक्षण)।

३६. डा० (श्रीमती) जानकी सिन्हा, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, एस० एस०-एल० एन० एन० टी० एम० कालेज धनबाद, अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध,' भारतीय राजनीति पर द्वितीय विश्व युद्ध का प्रभाव: १९३९-४५ (२५०० रु० प्रति वर्ष फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए वेतन संरक्षण)।

३७. श्री राकेश पाण्डेय, अनुसंधान अध्येता, इतिहास विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, 'भारत में शक्ति का स्थानान्तरण: १९३७-४७' (२५०० रु० प्रति वर्ष के फुटकर अनुदान के साथ दो वर्ष के लिए ६०० रु० प्रति मास)।

